तृतीय श्रेणी अध्यापक सामाजिक विज्ञान 2025

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.2

नाथद्वारा चित्रकला शैली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?

a. इस प्रकार की चित्रकला के उदाहरण चोखेलाव महल में देखे जा सकते हैं।
b. यह उदयपुर और ब्रज शैलियों का मिश्रण है।
c. नाथद्वारा शैली के प्रमुख चित्रकार बाबा रामचन्द्र और नारायण हैं।
d. लघुचित्र भी नाथद्वारा चित्रकला शैली के मुख्य रूप हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) b, c केवल ✓
(B) c, d केवल
(C) a, c केवल
(D) a, b केवल

Q.3

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;

अभिकथन A: पालनहार योजना कठिन परिस्थितियों में फंसे बालकों की सहायता करने हेतु राजस्थान सरकार की नकद हस्तांतरण योजना है। यह योजना केवल अनुसूचित जाति अनाथों के लिए है।

कारण R: पालनहार योजना में सभी जातियों के अनाथ सम्मिलित हैं।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(B) A सही है, लेकिन R सही नहीं है।
(C) A सही नहीं है, लेकिन R सही है। ✓
(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

Q.4

महासागरों को उनके आकार के आरोही क्रम में व्यवस्थित करें।

a. प्रशांत महासागर
b. अटलांटिक महासागर
c. हिन्द महासागर
d. आर्कटिक महासागर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) d, c, b, a ✓
(B) c, d, b, a
(C) b, a, d, c
(D) a, b, c, d

Q.5

निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें:

a. अवध में वेलेजली द्वारा शुरू की गई अधीनस्थ संधि
b. मेरठ में विद्रोह की शुरुआत
c. नवाब वाजिद अली शाह पदच्युत: अवध का विलय
d. युद्ध में झाँसी की रानी की मृत्यु

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) b, a, c, d
(B) a, b, c, d ✓
(C) d, c, b, a
(D) a, c, b, d

Q.6

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (आरटीई)	सूची II
a. गैरअनुदानित विद्यालयों के अलावा, प्रत्येक विद्यालय में पाठशाला प्रबंधन समिति गठित की जाएगी।	I. $\frac{1}{3}$
b. कार्यकारी समिति की बैठक की गणपूर्ति इसके कुल सदस्यों की होगी।	II. 2 वर्ष
c. कम से कम एक बार पाठशाला प्रबंधन समिति की बैठक।	III. 21
d. आरटीई की कौनसी धारा विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के क्रियान्वयन की निगरानी करती है।	IV. 3 माह

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-II, b-III, c-IV, d-I
(B) a-III, b-IV, c-II, d-I
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV
(D) a-III, b-I, c-IV, d-III ✓

Q.7

गोपालराव हरि देशमुख के बारे में असत्य कथन का चयन करें।

(A) वह बॉम्बे प्रेसीडेंसी के सुधारक और निबंधकार थे।
(B) उन्होंने "लोकहितवादी" के नाम से लेखन किया।
(C) उन्होंने शुद्धि के कार्य अथवा लाखों हिन्दुओं के पुनः धर्मांतरण पर बल दिया।
(D) वह शासकीय सेवक थे। ✓

Q.8

25 जून 1975 को घोषित राष्ट्रीय आपातकाल के बारे में कौन सा कथन **सत्य नहीं** है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) यह आंतरिक विद्रोह/गड़बड़ी की आशंका के मद्देनजर लगाया गया था।
(B) मध्यरात्रि के पश्चात् सभी बड़े अखबारों की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी।
(C) प्रातःकाल में, विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को बड़ी संख्या में गिरफ्तार किया गया।
(D) मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय आपातकाल लगाने का निर्णय लिया, तत्पश्चात् राष्ट्रपति को अनुशंसा भेजी गई। ✓

Q.9

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.10

निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें:
a. भारत में कैबिनेट मिशन का आगमन
b. अंतरिम सरकार का पुनर्गठन
c. प्रत्यक्ष कार्रवाई दिवस
d. वायसराय के रूप में लिनलिथगो के स्थान पर वेवेल का आगमन
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, b, c, d
(B) d, a, b, c
(C) d, a, c, b ✓
(D) d, c, b, a

Q.11

__ डेटा के प्रसंस्करण के लिए उत्तरदायी होता है और ये प्रसंस्करण के लिए डेटा स्टोरेज यूनिट (इकाई) से प्राप्त करता है। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) कंट्रोल यूनिट (सी.यू.) ✓
(B) प्राइमरी स्टोरेज
(C) सैकेंडरी स्टोरेज
(D) एरिथमैटिक लॉजिक यूनिट (ए. एल. यू.)

Q.12

सामाजिक विज्ञान शिक्षण की विधियां कौनसी हैं?
a. नियत कार्य विधि
b. कहानी कथन विधि
c. डाल्टन योजना
d. पृथक् कक्षा दोहराव विधि
नीचे दिए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) b, c, d केवल
(B) a, b, d केवल
(C) a, c, d केवल
(D) a, b, c केवल ✓

Q.13

संविधान के किस संशोधन द्वारा लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है?

(A) 104 वां संशोधन
(B) 105 वां संशोधन
(C) 106 वां संशोधन ✓
(D) 103 वां संशोधन

Q.14

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;

अभिकथन A: कच्चे माल की आपूर्ति उन महत्वपूर्ण कारणों में से एक है, जो सूती वस्त्र उद्योग के स्थानीयकरण को प्रभावित कर रहे हैं।
कारण R: राजस्थान में कपास 4,72,000 हेक्टेयर में उगाया जाता है, जो कुल बुआई किए गए क्षेत्र का लगभग 6% है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

Q.15

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.16

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (बाल विकास की विधियाँ)	सूची II (समुचित व्याख्या)
a. संरचनात्मक प्रेक्षण	I. शरीरक्रियात्मक प्रक्रिया और व्यवहार के बीच संबंध मापन की विधि
b. नैदानिक साक्षात्कार	II. किसी प्रयोगशाला में व्यवहार का प्रेक्षण, जहाँ सभी प्रतिभागियों के लिए शर्तें/दशाएं समान होती हैं।
c. मनोशरीरक्रियात्मक विधि	III. सुनम्य साक्षात्कार प्रक्रिया जिसमें अन्वेषक प्रतिभागी के विचारों की पूर्ण जानकारी प्राप्त करता है।
d. नृजातिवर्णन	IV. सघन जमीनी भ्रमण से प्रतिभागियों द्वारा संस्कृति प्रेक्षण करना, शोधकर्ता संस्कृति के विशिष्ट मूल्यों और सामाजिक प्रक्रियाओं को परिलक्षित करने का प्रयास करता है।

(A) a-II, b-III, c-I, d-IV ✓
(B) a-IV, b-III, c-I, d-II
(C) a-III, b-IV, c-I, d-II
(D) a-I, b-II, c-III, d-IV

Q.17

मूल कर्तव्यों के बारे में कौनसा कथन सत्य नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) मूल कर्तव्यों का उल्लेख भारत के संविधान के भाग IV में हुआ है। ✓
(B) मूल कर्तव्य 42वें संविधान संशोधन द्वारा समाविष्ट किए गए थे।
(C) मूल कर्तव्य राष्ट्र को सशक्त करने की आचार संहिता हैं।
(D) मूल कर्तव्यों की संख्या दस है।

Q.18

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;

अभिकथन A: वर्ष 2011-12 में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रति व्यक्ति व्यय के अनुसार गरीबी रेखा को प्रतिमाह प्रति व्यक्ति 816 रुपए तथा शहरी क्षेत्र के लिए 1000 रुपए के रूप में परिभाषित किया गया था।

कारण R: वर्ष 2020-22 में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रति व्यक्ति व्यय 1000 रुपए प्रति व्यक्ति प्रतिमाह तथा शहरी क्षेत्रों के लिए 1200 रुपए तक बढ़ गया था।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है।

(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।

(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

Q.19

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (राजस्थान में फसल)	सूची II (आवश्यक वर्षा)
a. मक्का	I. 100 सेमी - 120 सेमी
b. ज्वार	II. 50 सेमी - 100 सेमी
c. गन्ना	III. 50 सेमी - 125 सेमी
d. मूँगफली	IV. 40 सेमी - 80 सेमी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-I, b-II, c-III, d-IV

(B) a-I, b-IV, c-II, d-III

(C) a-IV, b-III, c-II, d-I

(D) a-II, b-IV, c-I, d-III ✓

Q.20

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (अधिगम सामग्री)	सूची II (प्रस्तुति)
a. ब्लैकबोर्ड	I. सारांश और समीक्षा
b. वृक्ष आरेख (चार्ट)	II. यथार्थपरक रीति से तथ्य प्रस्तुत करना
c. चित्र	III. प्रक्रियाओं का निरूपण करना
d. फिल्म	IV. किसी राजवंश का विकास

(A) a-II, b-III, c-IV, d-I

(B) a-I, b-IV, c-III, d-II ✓

(C) a-IV, b-I, c-II, d-III

(D) a-III, b-II, c-I, d-IV

Q.21

सार्वजनिक क्षेत्र के लिए आरक्षित उद्योग हैं -

a. आण्विक ऊर्जा
b. रेल परिवहन में मूल क्रियाकलाप
c. खतरनाक रसायन
d. औद्योगिक विस्फोटक

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(A) a और b केवल ✓
(B) c और d केवल
(C) b और d केवल
(D) a और d केवल

Q.22

राजस्थान में किस स्थान पर "सास-बहू मंदिर" स्थित है?

(A) नागदा ✓
(B) जयपुर
(C) जोधपुर
(D) लक्ष्मणगढ़

Q.23

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;

अभिकथन A: भारत के सर्वोत्तम ज्ञात टंगस्टन अयस्क के निक्षेप नागौर जिले में रेवत पहाड़ियों में पाये जाते हैं।
कारण R: यह उच्च गति उपकरण अयस्क, कवच प्लेटों के लिए विशेष इस्पात, बंदूक खोलों के निर्माण के लिए अनिवार्य है तथा बिजली बल्बों में तन्तु निर्माण में प्रयुक्त होता है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(B) (A) सही है लेकिन (R) सही नहीं है।
(C) (A) सही नहीं है लेकिन (R) सही है।
(D) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है। ✓

Q.24

कन्हैयालाल सेठिया के बारे में कौन से कथन सत्य हैं?

a. कन्हैया लाल सेठिया राजस्थान के महान कवि थे।
b. सेठिया जी की मुख्य कृतियां मींझर, लीलटांस और राधा थी।
c. सेठिया जी की "राधा" का काव्यात्मक रूप 1960 में प्रकाशित हुआ था।
d. बातां री फुलवारी भी सेठियाजी द्वारा रचित है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) d केवल
(B) a,b, c केवल ✓
(C) a, d केवल
(D) a केवल

Q.25

कौन-सी नदियां लूनी नदी की सहायक नदियां हैं?

a. बांडी
b. जोजड़ी
c. माही
d. सुकड़ी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, b और d ✓
(B) b, c और d
(C) a, c और d
(D) a, b और c

Q.26

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.27

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (मंदिर)	सूची II (स्थान)
a. अढाई दिन का झोंपड़ा	I. जैसलमेर
b. सावित्री मंदिर	II. अजमेर
c. तनोट माता मंदिर	III. करौली
d. कैला देवी मंदिर	IV. पुष्कर

(A) a-II, b-I, c-III, d-IV
(B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV
(D) a-II, b-IV, c-I, d-III ✓

Q.28

राजस्थान में बालक झांझरिया/पैंजणी नामक आभूषण कहां पहनते हैं?

(A) नाक
(B) कान
(C) पैर ✓
(D) सिर

Q.29

नीचे दो कथन दिए गए हैं; एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;

अभिकथन A: 1799 AD में महाराजा सवाई प्रताप सिंह द्वारा हवा महल बनवाया गया था।
कारण R: यह रानियों के लिए बनवाया गया था ताकि वे महल के अंदर बैठकर शहर के मेलों, त्योहारों और जुलूसों / सवारियों को देख सकें।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

Q.30

राजस्थान के जिलों को क्षेत्रफल के घटते क्रम में व्यवस्थित करें?
a. अजमेर
b. बीकानेर
c. बाड़मेर
d. जैसलमेर
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, b, c, d
(B) a, d, b, c
(C) d, c, b, a
(D) d, b, a, c ✓

Q.31

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.32

कुचामनी ख्याल के बारे में कौन-से कथन सत्य हैं?
a. इस ख्याल को प्रख्यात लोक नाट्यकार लच्छी राम द्वारा शुरू किया गया था।
b. यह ओपेरा शैली के समान है।
c. महिला पात्रों की भूमिका महिलाओं द्वारा निभाई जाती है।
d. इसमें नर्तक और गायक दोनों होते हैं।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) b, c केवल
(B) c, d केवल
(C) b, d केवल
(D) a, b केवल ✓

Q.33

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;

अभिकथन A: "राज्य, 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बालकों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करेगा।"

कारण R: अनुच्छेद 21(A) शिक्षा के अधिकार से संबंधित है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(B) A सही है, लेकिन R सही नहीं है।

(C) A सही नहीं है, लेकिन R सही है।

(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

Q.34

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (वायु के अवयव)	**सूची II (गैसों का लगभग प्रतिशत)**
a. नाइट्रोजन	I. 21%
b. ऑक्सीजन	II. 0.93%
c. ऑर्गन	III. 78%
d. कार्बन डाइऑक्साइड	IV. 0.03%

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-I, b-II, c-III, d-IV

(B) a-IV, b-III, c-II, d-I

(C) a-II, b-IV, c-III, d-I

(D) a-III, b-I, c-II, d-IV ✓

Q.35

अकबर द्वारा आरंभ की गई मनसबदारी प्रणाली मुख्यतया किससे संबंधित थी? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) सैन्य सह-नौकरशाही तंत्र ✓

(B) धार्मिक सुधार

(C) ग्राम-स्तर प्रशासन

(D) भूमि राजस्व प्रणाली

Q.36

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;

Assertion A: राजस्थान में किसी प्राथमिक विद्यालय की अधिकतम दूरी पड़ोस से एक किमी. की पैदल दूरी होनी चाहिए।

Reason R: शिक्षा का अधिकार अधिनियम में दूरी उल्लेखित नहीं है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(B) A सही है, लेकिन R सही नहीं है। ✓

(C) A सही नहीं है, लेकिन R सही है।

(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

Q.37

भारत वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (WTO) का सदस्य कब बना?

(A) 1 जनवरी 1996
(B) 1 जनवरी 1997
(C) 1 जनवरी 1998
(D) 1 जनवरी 1995 ✓

Q.38

राजस्थान सरकार की "कृषक उपहार योजना" ____ करने हेतु लक्षित है। (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) सस्ती साख प्रदान
(B) नियमित स्वास्थ्य जांच
(C) कृषि वस्तुओं का विपणन प्रदान ✓
(D) जैविक बीज वितरण

Q.39

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.40

छोटे राजनीतिक दलों की स्थापना को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें।
a. एम.एन. रॉय द्वारा स्थापित रेडिकल डेमोक्रेटिक पार्टी
b. बी.आर. अंबेडकर द्वारा स्थापित इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी
c. जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित सोशलिस्ट पार्टी
d. एम.एम. मालवीय द्वारा स्थापित हिन्दू महासभा
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) c, a, b, d
(B) d, c, b, a ✓
(C) a, b, c, d
(D) b, d, a, c

Q.41

यूआरएल का पूरा नाम है:

(A) यूनीवर्सल रिसोर्सेज लोकेटर्स
(B) यूनीफॉर्म रिजर्व लोकेशन
(C) यूनीफॉर्म रिसर्च लोकेशन
(D) यूनीफॉर्म रिसोर्स लोकेटर्स ✓

Q.42

निम्नलिखित में से कौनसा नैदानिक परीक्षणों का उद्देश्य नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) अनुदेशन कठिनाइयों का आकलन करना
(B) योग्यता का मापन करना ✓
(C) कम उपलब्धि के कारणों और कमजोरियों को चिह्नांकित करना
(D) विशिष्ट अधिगम कमियों की पहचान करना

Q.43

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा तर्क कारण (Reason) R के रूप में;
अभिकथन A: 1991 के पश्चात् पंचायती राज संस्थाओं (पी.आर.आई) में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अत्यधिक बढ़ा है।
कारण R: अनुच्छेद 243 D में लैंगिक न्याय का उपबंध है।
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

Q.44

42 वें संशोधन, 1976 द्वारा निम्नलिखित शब्द प्रस्तावना में जोड़े गए थे?

a. समाजवादी
b. लोकतांत्रिक
c. धर्मनिरपेक्ष
d. अखंडता

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, c, d केवल ✓
(B) a, b, d केवल
(C) b, c, d केवल
(D) a, b, c केवल

Q.45

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.46

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (शोध अभिकल्पना)	सूची II (बाल विकास में प्रयुक्त इसकी शक्ति)
a. सह-संबंध अभिकल्पना	I. कारण और प्रभाव संबंध के बारे में निष्कर्ष की अनुमति देता है।
b. प्रयोगशाला अनुप्रयोग	II. चरों के बीच संबंधों के अध्ययन की अनुमति देता है।
c. क्षेत्र अनुप्रयोग	III. वास्तविक जगत दशाओं के अध्ययन की अनुमति देता है, जिन्हें प्रयोगात्मक रूप से बदला नहीं जा सकता है।
d. प्राकृतिक अथवा अर्ध-अनुप्रयोगात्मक	IV. प्रयोगात्मक निष्कर्षों को वास्तविक जगत/विश्व के साथ सामान्यीकरण की अनुमति देता है।

(A) a-II, b-III, c-I, d-IV
(B) a-I, b-II, c-IV, d-III
(C) a-II, b-I, c-III, d-IV ✓
(D) a-I, b-II, c-III, d-IV

Q.47

किस अनुच्छेद में उल्लेख है कि राज्य नीति के निदेशक तत्व/सिद्धांत किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) अनुच्छेद 37 ✓
(B) अनुच्छेद 38
(C) अनुच्छेद 39
(D) अनुच्छेद 36

Q.48

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;

अभिकथन A: भारत में औपनिवेशिक सरकार द्वारा अपनाई गई आर्थिक नीतियां, भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की बजाए अपने गृह देश के आर्थिक हितों को बढ़ावा देने और उनका संरक्षण करने पर केन्द्रित थी।
कारण R: ऐसी नीतियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को कच्चे माल के आपूर्तिकर्ता तथा ब्रिटेन से तैयार औद्योगिक उत्पादों के उपभोक्ता के रूप में परिवर्तित कर दिया।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

Q.49

यूएनडीपी मानव विकास रिपोर्ट 2020 के अनुसार विभिन्न देशों को उनके मानव विकास सूचकांक मान के आधार पर आरोही क्रम में व्यवस्थित करें।

a. श्रीलंका
b. चीन
c. भारत
d. बांग्लादेश

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, b, c, d
(B) c, d, a, b
(C) d, c, b, a ✓
(D) b, c, d, a

Q.50

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (पाठ्यचर्या क्रियाकलाप)	सूची II (अर्थ)
a. समन्वय	I. शिक्षण की विभिन्न शाखाओं से ज्ञान का एकीकरण
b. सहसंबंध	II. अधिगम विभिन्न समय में विस्तृत होता है
c. घूर्णित पाठ्यचर्या	III. समाज विज्ञान विषय का अन्य विद्यालय विषयों से सहसंबंध
d. एकीकरण	IV. किसी विषय के विभिन्न भाग अंतर्संबंधित होते हैं

(A) a-II, b-III, c-IV, d-I
(B) a-III, b-IV, c-I, d-II
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I ✓
(D) a-I, b-II, c-III, d-IV

Q.51

खरीफ ऋतु में बुआई की जाने वाली उष्णकटिबंधीय फसलें हैं:

a. गेहूँ
b. सरसों
c. तुअर
d. कपास

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(A) b और c केवल
(B) a और d केवल
(C) c और d केवल ✓
(D) a और b केवल

Q.52

किस संवैधानिक संशोधन द्वारा, ग्रामीण स्व-शासन निकायों को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ था?

(A) 73 वां संवैधानिक संशोधन ✓
(B) 44 वां संवैधानिक संशोधन
(C) 74 वां संवैधानिक संशोधन
(D) 42 वां संवैधानिक संशोधन

Q.53

राजस्थान में निम्नलिखित जिलों को वनक्षेत्र के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित करें -

a. बारां
b. चित्तौड़गढ़
c. करौली
d. उदयपुर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, b, c, d
(B) a, d, b, c
(C) d, a, c, b
(D) d, b, a, c ✓

Q.54

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (राजस्थानी बोलियां)	सूची II (क्षेत्र/अंचल)
a. शेखावाटी	I. जयपुर और दौसा
b. मेवाती	II. कोटा और बूंदी
c. ढूंढाड़ी	III. चुरू और झुंझुनूं
d. हाड़ौती	IV. अलवर और भरतपुर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-II, b-III, c-I, d-IV
(B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV
(D) a-III, b-IV, c-I, d-II ✓

Q.55

राजस्थान के दक्षिण-पूर्वी पठार क्षेत्र के बारे में कौनसे कथन सत्य हैं?

a. इसे हाड़ौती पठार भी कहा जाता है।
b. यह राजस्थान की अरावली पर्वतमाला के दक्षिणी पूर्वी भाग में विस्तृत है।
c. चंबल इस क्षेत्र की प्रमुख नदी है।
d. यह राजस्थान का सबसे बड़ा क्षेत्र है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) b और c केवल
(B) c और d केवल
(C) a और c केवल ✓
(D) a और b केवल

Q.56

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.57

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (व्यक्ति)	सूची II (पेशा)
a. गवरी बाई	I. गायक
b. अल्लाह जिलाई बाई	II. शिक्षाशास्त्री
c. स्वामी केशवानन्द	III. कवि
d. कर्पूरचन्द कुलिश	IV. पत्रकार

(A) a-I, b-II, c-III, d-IV
(B) a-II, b-III, c-IV, d-I
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I
(D) a-III, b-I, c-II, d-IV ✓

Q.58

स्वतंत्रता पश्चात् राजस्थान का गठन कब किया गया था? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) 15 अगस्त 1947
(B) 26 जनवरी 1950
(C) 26 नवंबर 1949
(D) 30 मार्च 1949 ✓

Q.59

राजस्थान के निम्नलिखित त्योहारों को हिन्दू कैलेंडर में उनके मनाये जाने के क्रम के अनुसार व्यवस्थित करें - (चैत्र माह से शुरू करते हुए)

a. गणगौर
b. तीज
c. अक्षय तृतीया
d. होली

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) d, a, c, b
(B) b, c, a, d
(C) a, c, b, d ✓
(D) a, b, c, d

Q.60

माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा परियोजना (MBRAPP) की कुल ऊर्जा क्षमता लगभग क्या है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) 2700 MW
(B) 2800 MW ✓
(C) 2900 MW
(D) 2600 MW

Q.61

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.62

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (प्रसिद्ध व्यक्ति)	**सूची II (प्रदत्त अवार्ड)**
a. शैतान सिंह	I. केन्द्रीय साहित्य अकादमी अवार्ड
b. अल्लाह जिलाइ बाई	II. ग्रेमी अवार्ड
c. विजयदान देथा	III. कोर्ट सिंगर अवार्ड
d. विश्व मोहन भट्ट	IV. परम वीर चक्र

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-IV, b-III, c-II, d-I
(B) a-IV, b-II, c-I, d-III
(C) a-IV, b-III, c-I, d-II ✓
(D) a-I, b-II, c-III, d-IV

Q.63

निम्नलिखित वाक्यों में कौनसा कथन सही है?

a. जयपुर में बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय है।

b. जोधपुर में महात्मा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय है।

c. जयपुर में इंदिरा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय है।

d. अलवर में अंबेडकर दिव्यांग विश्वविद्यालय है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a और c केवल

(B) b और d केवल

(C) c और d केवल

(D) a और b केवल ✓

Q.64

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;

अभिकथन A: नदी की तुलना में महासागर में तैरना आसान है।

कारण R: लवणता के कारण महासागरीय जल का घनत्व बढ़ जाता है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है।

(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।

(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

Q.65

निम्नलिखित स्थलों को उनकी खोज किए जाने के क्रम में व्यवस्थित करें।

a. हड़प्पा

b. लोथल

c. कालीबंगा

d. मोहनजोदड़ो

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) d, c, b, a

(B) a, d, b, c ✓

(C) d, a, c, b

(D) a, b, c, d

Q.66

राजस्थान में, कक्षा (VI से VIII) के बालकों के लिए, विद्यालय पड़ोस से __ की पैदल दूरी के भीतर स्थापित किया जाना चाहिए।

(A) 3 किमी.

(B) 4 किमी.

(C) 1 किमी.

(D) 2 किमी. ✓

Q.67

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक **अभिकथन A** के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके **कारण R** के रूप में;

अभिकथन A: माध्यमिक शाखा के संस्थापक नागार्जुन (दूसरी शताब्दी) थे।
कारण R: उनकी सबसे महत्वपूर्ण कृति मूल-माध्यमक-कारिका थी।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

Q.68

राजस्थान में पीडीएस (PDS) वस्तुओं का दक्षतम वितरण सुनिश्चित करना किस निगम का लक्ष्य है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) RIDCOR
(B) RSRDC (राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम)
(C) RSRTC (राजस्थान राज्य परिवहन निगम)
(D) RSFCSCL (राजस्थान राज्य खाद्य और नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड) ✓

Q.69

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.70

भारत के निम्नलिखित राष्ट्रपति को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें।
a. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
b. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
c. डॉ. जाकिर हुसैन
d. वी.वी. गिरी
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, b, c, d ✓
(B) b, c, d, a
(C) a, d, c, b
(D) b, a, d, c

Q.71

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरी उसके कारण (Reason) R के रूप में;

अभिकथन A: ट्रोजन हॉर्स एक मेलवेयर है।
कारण R: ट्रोजन हॉर्स एक स्व-प्रतिकृति करने वाला मेलवेयर है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

Q.72

अंतिम/अंत्य व्यवहार ____ का दूसरा नाम है।

(A) व्यवहारमूलक कथन/विवरण
(B) व्यवहारमूलक परिकल्पना
(C) व्यवहारमूलक अनुदेश
(D) व्यवहारमूलक उद्देश्य ✓

Q.73

सातवीं अनुसूची में शामिल हैं:
a. समवर्ती सूची
b. संघ सूची
c. राज्य सूची
d. पंचायत सूची

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, b, d केवल
(B) b, c, d केवल
(C) a, c, d केवल
(D) a, b, c केवल ✓

Q.74

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (घटना)	सूची II (तारीख)
a. उद्देश्य प्रस्ताव पेश किया गया	I. 11 दिसंबर, 1946
b. संविधान सभा में राजेन्द्र प्रसाद को अध्यक्ष चुना गया	II. 26 नवंबर, 1949
c. प्रारूप समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई	III. 13 दिसंबर, 1946
d. भारत का संविधान अपनाया गया	IV. 21 फरवरी, 1947

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-II, b-IV, c-III, d-I
(B) a-III, b-I, c-IV, d-II ✓
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I
(D) a-I, b-II, c-III, d-IV

Q.75

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.76

निम्नलिखित राज्यों को राज्यसभा में उन्हें आवंटित सीटों के आधार पर आरोही क्रम में व्यवस्थित करें:
a. बिहार
b. आंध्र प्रदेश
c. महाराष्ट्र
d. गुजरात
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) b, a, c, d
(B) c, a, b, d
(C) d, a, b, c ✓
(D) a, b, c, d

Q.77

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;
अभिकथन A: 1991 के सुधारों के दौरान, कृषि की वृद्धि दर कम हुई है।
कारण R: कृषि क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश भी कम हुआ है।
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है। ✓
(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

Q.78

गरीबी रेखा से नीचे जनसंख्या के प्रतिशत के अनुसार राज्यों को आरोही क्रम में व्यवस्थित करें (भारत में गरीबी 2011-12)
a. हरियाणा
b. राजस्थान
c. पश्चिम बंगाल
d. कर्नाटक
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, b, d, c ✓
(B) c, a, b, d
(C) d, c, b, a
(D) a, b, c, d

Q.79

सर्वप्रथम किसने सूक्ष्म-अध्यापन शब्द प्रस्तुत किया था?

(A) सी. सी. वुड
(B) एन. फ्लैंडर्स
(C) ई. सी. रॉग
(D) ए. डब्ल्यू. ड्वाइट एलेन ✓

Q.80

गरीबों का खाद्य और पोषण स्तर सुधारने पर लक्षित तीन प्रमुख कार्यक्रम हैं:

a. सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम
b. पोषण अभियान
c. मध्याह्न भोजन योजना / प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण
d. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(A) a, b और d केवल
(B) b, c और d केवल
(C) a, c और d केवल
(D) a, b और c केवल ✓

Q.81

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (व्यक्ति)	सूची II (खेल)
कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़	भाला फेंक
अवनि लेखरा	निशाने बाजी
देवेन्द्र झाझड़िया	पोलो
मेजर दलपत सिंह शेखावत	पैरा शूटिंग

(A) a-III, b-II, c-I, d-IV
(B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV
(D) a-II, b-IV, c-I, d-III ✓

Q.82

राजस्थान की निम्नलिखित फसलों को उगाने के लिए आवश्यक वर्षा की मात्रा के अनुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित करें।

a. चावल
b. जौ
c. मक्का
d. बाजरा

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) b, c, d, a
(B) d, b, c, a ✓
(C) a, b, c, d
(D) a, b, d, c

Q.83

राजस्थान में गेहूं और दलहन से संबंधित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन कब शुरू किया गया था? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) 2006-07
(B) 2008-09
(C) 2009-10
(D) 2007-08 ✓

Q.84

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (नदी)	सूची II (स्रोत)
a. चंबल	I. जयपुर जिले की बैराठ पहाड़ियाँ
b. लूनी	II. महू के दक्षिण में मानपुर
c. बनास	III. अरावली श्रृंखला में पुष्कर घाटी
d. बाणगंगा	IV. खमनौर पहाड़ियों में वेरो का मठ

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-I, b-II, c-III, d-IV
(B) a-III, b-II, c-IV, d-I
(C) a-II, b-IV, c-I, d-III
(D) a-II, b-III, c-IV, d-I ✓

Q.85

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.86

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (जिला)	सूची II (साक्षरता दर, जनगणना 2011)
a. उदयपुर	I. 87.5
b. करौली	II. 72.8
c. अजमेर	III. 70.6
d. नागौर	IV. 83.9

(A) a-I, b-III, c-II, d-IV
(B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-II, b-IV, c-III, d-I
(D) a-I, b-II, c-IV, d-III ✓

Q.87

"सम्प सभा" किसने स्थापित की थी?

(A) दादूदयाल
(B) राम चरण
(C) गोविन्द गुरू ✓
(D) संत हरिदास

Q.88

निम्नलिखित प्रमुख सभ्यताओं को उनके प्रथम प्रमुख उत्खनन/अन्वेषण के अनुसार आरंभिक से अधितन के क्रम में व्यवस्थित करें।

a. बागोर
b. कालीबंगा
c. गिलुण्ड
d. आहड़

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) d, b, a, c
(B) d, c, b, a
(C) a, b, c, d ✓
(D) b, d, c, a

Q.89

राजस्थान में कौनसा क्षेत्र/अंचल उच्चतम वर्षा प्राप्त करता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) बृजराजनगर
(B) जयपुर
(C) कोटा
(D) माउंट आबू ✓

Q.90

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.91

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (दुर्गों के प्रकार)	**सूची II (दुर्ग)**
a. औदुक	I. जूनागढ़
b. पारिख	II. गागरोण
c. पारिध	III. सिवाणा
d. वन	IV. चित्तौड़

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-III, b-IV, c-I, d-II
(B) a-II, b-I, c-IV, d-III ✓
(C) a-II, b-IV, c-III, d-I
(D) a-I, b-II, c-III, d-IV

Q.92

निम्नलिखित में से कौन-सी मोटे अनाज की फसल है?

a. मक्का
b. ज्वार
c. चावल
d. गेहूँ

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) b और c केवल
(B) a और b केवल ✓
(C) a केवल
(D) c और a केवल

Q.93

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;

अभिकथन A: सूफी संतों ने विस्तृत/आडंबरपूर्ण अनुष्ठानों को अस्वीकृत किया।
कारण R: उनका ईश्वर के प्रति प्रत्यक्ष व्यक्ति आस्था/अनुराग में विश्वास था।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है। ✓
(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

Q.94

राजस्थान आर. टी. ई. शिक्षा नियम 2011 के अनुसार, निम्नलिखित वाक्यों में कौनसा कथन सही है?

a. कार्यकारी समिति में न्यूनतम 50% सदस्य महिलाएं होंगी।
b. कार्यकारी समिति प्रत्येक माह में न्यूनतम एक बार बैठक करेगी।
c. कार्यकारी समिति माता-पिता सदस्यों में से सभापति का चयन करेगी।
d. कार्यकारी समिति की बैठकों के लिए गणपूर्ति इसके कुल सदस्यों का $\frac{1}{2}$ होगी।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) b और c
(B) c और d
(C) a और d
(D) a और b ✓

Q.95

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I	सूची II
a. बंगाल एशियाटिक सोसायटी	I. 1781
b. कलकत्ता मदरसा	II. 1791
c. संस्कृत महाविद्यालय, बनारस	III. 1793
d. स्थायी बंदोबस्त	IV. 1784

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-II, b-I, c-IV, d-III

(B) a-II, b-III, c-I, d-IV

(C) a-IV, b-I, c-II, d-III ✓

(D) a-I, b-II, c-III, d-IV

Q.96

सूची I को सूची II से सुमेलित करें:

सूची I (महासागर धारा)	सूची II (महासागर)
a. हम्बोल्ट धारा	I. उत्तरी अटलांटिक महासागर
b. गल्फ धारा	II. दक्षिणी अटलांटिक महासागर
c. अगुलहास धारा	III. दक्षिणी प्रशांत महासागर
d. बेंगूला धारा	IV. हिन्द महासागर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-III, b-I, c-IV, d-II ✓

(B) a-IV, b-III, c-II, d-I

(C) a-II, b-IV, c-I, d-III

(D) a-I, b-II, c-III, d-IV

Q.97

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.98

निम्नलिखित में से कौनसी डाल्टन योजना की सीमा (नहीं) है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) प्रत्येक बालक को अपनी गति से कार्य करने की अनुमति होती है। ✓

(B) विशुद्ध बौद्धिक योजना।

(C) योजना अत्यंत महंगी है।

(D) औसत बालक और कर्त्तव्य त्यागी के लिए उचित नहीं।

Q.99

यदि पासवर्ड निम्नलिखित से मिलकर बनें हों तो उन्हें हैक करना कठिन है।

a. छोटे अक्षर
b. विशेष प्रतीक/कैरेक्टर
c. बड़े अक्षर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, c केवल
(B) b, c केवल
(C) b, d केवल
(D) a, b और c ✓

Q.100

नवीन अंतिम/अंत्य व्यवहारों को अर्जित करने से पूर्व विद्यार्थी द्वारा अर्जित किए जाने वाले व्यवहारों को क्या कहा जाता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) प्रवेशन/आरंभिक व्यवहार ✓
(B) अभिरुचि
(C) अभिप्रेरणा
(D) मनोवृत्ति

Q.101

सूची I को सूची II से सुमेलित करें:

सूची I (समिति)	**सूची II (वर्ष)**
a. अशोक मेहता समिति	I. 1964
b. बलवंतराय मेहता समिति	II. 1985
c. जी.वी.के. राव समिति	III. 1977
d. सादिक अली समिति	IV. 1956

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-II, b-III, c-IV, d-I
(B) a-III, b-IV, c-II, d-I ✓
(C) a-IV, b-II, c-I, d-III
(D) a-I, b-II, c-III, d-IV

Q.102

संबंधित अनुच्छेदों के आधार पर, निम्नलिखित को अवरोही क्रम में व्यवस्थित करें:

a. जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का संरक्षण
b. विधि के समक्ष समानता
c. अल्पसंख्यकों के अधिकारों का संरक्षण
d. कारखानों, इत्यादि में बालकों के नियोजन पर प्रतिषेध

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) b, c, d, a
(B) c, d, a, b ✓
(C) d, c, b, a
(D) a, b, c, d

Q.103

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.104

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;
अभिकथन A: भारतीय संघीय प्रणाली में अखिल भारतीय सेवाओं द्वारा कतिपय सीमा तक केन्द्रीयकरण और समन्वय सुनिश्चित किया जाता है।
कारण R: अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्य अधिकांश रूप से राज्यों में सेवा प्रदान करते हैं तथा अवसर के अनुसार केन्द्रीय सरकार में प्रतिनियुक्ति पर भेजे जाते हैं।
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

Q.105

निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रामीण बैंकिंग की संस्थानिक संरचना में शामिल है?
a. वाणिज्यिक बैंक
b. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)
c. सहकारी बैंक
d. भूमि विकास बैंक
नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) b और d
(B) b, c और d
(C) a, b, c और d ✓
(D) a, b और c

Q.106

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (शिक्षण उपकरण)	**सूची II (अधिगम संरचना)**
a. रेडियो	I. संकल्पना
b. रेखा आरेखन	II. श्रृंखला
c. शैक्षणिक भ्रमण	III. संकेत सिद्धांत
d. टीवी	IV. विभेद/भेदभाव

(A) a-II, b-III, c-IV, d-I
(B) a-III, b-IV, c-II, d-I ✓
(C) a-IV, b-I, c-III, d-II
(D) a-I, b-II, c-III, d-IV

Q.107

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (सरकारी योजनाएं)	सूची II (शुरू किया)
a. स्टार्टअप इंडिया	I. 8 अप्रैल 2015
b. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना	II. 16 जनवरी 2016
c. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान	III. सितंबर 2014
d. पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना	IV. मार्च 2020

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-I, b-II, c-III, d-IV
(B) a-III, b-II, c-IV, d-I
(C) a-II, b-III, c-I, d-IV
(D) a-II, b-I, c-IV, d-III ✓

Q.108

राजस्थान के किस जिले में ताम्र खनिज ज्यादातर पाये जाते हैं?

(A) झुंझुनूं ✓
(B) उदयपुर
(C) जयपुर
(D) अजमेर

Q.109

राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को जनसंख्या घनत्व के अनुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित करें। (जनगणना, 2011)

a. सिरोही
b. जयपुर
c. अजमेर
d. अलवर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) b, a, d, c
(B) d, a, b, c
(C) a, c, d, b ✓
(D) a, b, c, d

Q.110

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत, सरकारी सब्सिडी की मात्रा है - (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) 80 हजार
(B) 75 हजार
(C) 85 हजार
(D) 78 हजार ✓

Q.111

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (क्षेत्र/अंचल)	सूची II (पर्यटक स्थल)
a. जयपुर	I. मेहरानगढ़ दुर्ग
b. जोधपुर	II. गलियाकोट दरगाह
c. माउंट आबू	III. दिलवाड़ा मंदिर
d. डूंगरपुर	IV. जंतर मंतर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-IV, b-I, c-III, d-II ✓

(B) a-II, b-I, c-III, d-IV

(C) a-IV, b-II, c-III, d-I

(D) a-I, b-II, c-IV, d-III

Q.112

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.113

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में:

अभिकथन A: राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020, 21वीं सदी की भारत की प्रथम शिक्षा नीति है।

कारण R: एनईपी केवल तीन मार्गदर्शक स्तंभों - पहुँच, समता और गुणवत्ता, पर संस्थापित है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(B) A सही है, लेकिन R सही नहीं है। ✓

(C) A सही नहीं है, लेकिन R सही है।

(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

Q.114

"गोगामेड़ी" (गोगाजी का मुख्य स्थान) कहां स्थित है?

(A) जैसलमेर दुर्ग

(B) इन्द्रमानगढ़ दुर्ग

(C) गागरोण दुर्ग

(D) भटनेर दुर्ग ✓

Q.115

निम्नलिखित राजपूत शासकों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें:

a. राणा सांगा
b. महाराणा कुम्भा
c. जैत्र सिंह
d. रतन सिंह

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) d, a, b, c
(B) a, b, c, d
(C) c, d, b, a ✓
(D) c, d, a, b

Q.116

लुगदी और कागज की छपाई और रंगाई में कौनसा वन उत्पाद प्रयुक्त होता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) कत्था
(B) तेन्दू
(C) सण
(D) धूड़ी ✓

Q.117

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.118

कौन आरंभ में औरंगजेब का साथी था किंतु बाद में लूटमार का जीवन अपना लिया, उनका लगातार पीछा किया गया परन्तु बुंदेला भूमि अधिग्रहित नहीं की गई थी?

(A) दौलत खान
(B) दानिशमंद खान
(C) चम्पत राय ✓
(D) चन्द्र शाह

Q.119

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;

अभिकथन A: गांधी ने असहयोग आंदोलन शुरू किया।
कारण R: यह जलियांवाला बाग हत्याकांड और रॉलेट एक्ट के प्रत्युत्तर में शुरू किया गया था।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

Q.120

रीको ने निम्नलिखित कृषि-खाद्य (एग्रो-फूड) पार्क विकसित किए हैं?

a. बोरानाड़ा
b. कोटा
c. कनकनी
d. अलवर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, b, d केवल ✓
(B) a, c, d केवल
(C) b, c, d केवल
(D) a, b, c केवल

Q.121

सत्य कथन/कथनों का चयन करें:

a. अरुमोलीवर्मन के शासनकाल में चोल शक्ति अपने उत्कर्ष पर पहुँची थी।
b. राजेन्द्र I ने श्रीलंका के राजा महेन्द्र V के विरुद्ध सैन्य विजय प्राप्त की थी।
c. राजेन्द्र I ने गंगईकोंडचोलपुरम् में नवीन राजधानी निर्मित की थी।
d. राज राजा - I चोल साम्राज्य का संस्थापक था।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, b केवल
(B) a, b, c केवल ✓
(C) d केवल
(D) a केवल

Q.122

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.123

सामाजिक अध्ययन शिक्षण रणनीतियों से संबंधित मुद्दे क्या हैं?

a. समुचित शिक्षण युक्तियों का चयन
b. डाटा का संकलन
c. समुचित सम्प्रेषण रणनीतियों का चयन
d. समुचित अनुदेशन सहायकों का चयन

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, c, d केवल ✓
(B) b, c, d केवल
(C) a, b, d केवल
(D) a, b, c केवल

Q.124

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (कंप्यूटर जनरेशन)	सूची II (टेक्नोलॉजी)
a. फर्स्ट जनरेशन कंप्यूटर	I. VLSI/माइक्रोप्रोसेसर
b. सेकंड जनरेशन कंप्यूटर	II. इंटीग्रेटेड सर्किट / एकीकृत परिपथ
c. थर्ड जनरेशन कंप्यूटर	III. ट्रांजिस्टर
d. फोर्थ जनरेशन कंप्यूटर	IV. वैक्यूम ट्यूब/निर्वात नली

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-I, b-II, c-III, d-IV

(B) a-II, b-III, c-IV, d-I

(C) a-IV, b-III, c-II, d-I ✓

(D) a-III, b-IV, c-II, d-I

Q.125

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;

अभिकथन A: स्टोलुरोव के अनुसार, प्रभावी शिक्षण और अधिगम के लिए अनुदेशन प्रयोजनों में विषयवस्तु, अंतिम लब्धि का न्यूनतम स्तर और अधिकतम समय मात्रा सम्मिलित होने चाहिए।

कारण R: अभिवृत्ति स्तर जैसे प्रवेशन/आरंभिक व्यवहार और पूर्ववर्ती प्रासंगिक ज्ञान भी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है।

(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।

(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

Q.126

अनुच्छेद 263 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौनसी अंतर-सरकारी संस्था/निकाय निर्मित की गई है?

(A) अंतर राज्य परिषद् (ISC) ✓

(B) योजना आयोग

(C) वित्त आयोग

(D) राष्ट्रीय विकास परिषद् (NDC)

Q.127

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.128

भारत में उच्च न्यायालयों के संबंध में कौनसा कथन सही नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) भारत में 25 उच्च न्यायालय हैं।

(B) राजस्थान उच्च न्यायालय की प्रधान पीठ जोधपुर में स्थित है।

(C) ओडिशा उच्च न्यायालय के कुल न्यायाधीशों की अनुमोदित संख्या 33 है। ✓

(D) अनुच्छेद 224 में उपबंध है कि प्रत्येक राज्य के लिए एक उच्च न्यायालय होगा।

Q.129

वायुमंडल की किस परत में, वायुयान उड़ाने के लिए आदर्श दशाएं होती हैं? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) समताप मंडल ✓
(B) मध्य मंडल
(C) ताप मंडल
(D) क्षोभ मंडल

Q.130

अध्याय नियोजन के ब्लूम के मूल्यांकन के आधार पर निम्नलिखित को आरोही क्रम में व्यवस्थित करें:

a. शिक्षण उपकरण
b. शिक्षक क्रियाकलाप
c. विषयवस्तु
d. विद्यार्थी क्रियाकलाप

(A) b, c, a, d
(B) c, b, d, a
(C) c, a, d, b
(D) a, b, c, d ✓

Q.131

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (उपभोक्ताओं की विधिक संरक्षण)	सूची II (वर्ष)
a. आवश्यक वस्तु अधिनियम	I. 1986
b. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम	II. 1937
c. कृषि उत्पाद (मानकीकरण और विपणन) अधिनियम	III. 1955
d. खाद्य मिलावट प्रतिषेध अधिनियम	IV. 1954

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-II, b-III, c-IV, d-I
(B) a-II, b-I, c-III, d-IV
(C) a-I, b-II, c-IV, d-III
(D) a-III, b-I, c-II, d-IV ✓

Q.132

नीचे दो कथन दिए गए हैं; एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;

अभिकथन A: राजस्थान में त्रि-स्तरीय पंचायती राज प्रणाली विद्यमान है।

कारण R: 73वां संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 प्रत्येक राज्य में त्रि-स्तरीय पंचायती राज प्रणाली का प्रावधान करता है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

Q.133

जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान की साक्षरता के संदर्भ में कौन से कथन सत्य हैं?

a. राजस्थान की साक्षरता दर, भारत की साक्षरता दर से कम है।
b. उच्चतम कुल साक्षरता प्रतिशत कोटा जिले में है।
c. शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुष साक्षरता दर जैसलमेर जिले में सबसे ज्यादा है।
d. शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में महिला साक्षरता दर जयपुर जिले में सबसे ज्यादा है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, b और d ✓
(B) b, c और d
(C) c, d और a
(D) a, b और c

Q.134

राजस्थान के किस जिले में "अमृत वैश्विक प्रौद्योगिकी और अनुप्रयोग केन्द्र" स्थापित किया गया है?

(A) अलवर
(B) जोधपुर
(C) बीकानेर
(D) जयपुर ✓

Q.135

सूची I को सूची II से सुमेलित करें -

सूची I (झील)	सूची II (जिला)
a. पिछोला झील	I. जयपुर
b. सांभर झील	II. बीकानेर
c. आनासागर झील	III. अजमेर
d. कोलायत झील	IV. उदयपुर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a-II, b-I, c-IV, d-III
(B) a-IV, b-I, c-II, d-III
(C) a-IV, b-I, c-III, d-II ✓
(D) a-I, b-II, c-III, d-IV

Q.136

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.137

निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) सिंगोली की लड़ाई - राणा हम्मीर और मुहम्मद-बिन-तुगलक
(B) सारंगपुर की लड़ाई - राणा सांगा और महमूद खिलजी प्रथम ✓
(C) हल्दीघाटी - महाराणा प्रताप और अकबर
(D) भूताला की लड़ाई - जैत्र सिंह और सुल्तान इल्तुतमिश

Q.138

राजस्थान के "घुड़ला" लोक नृत्य के बारे में कौनसे कथन सत्य हैं?

a. यह जोधपुर का प्रख्यात लोक नृत्य है।
b. यह नृत्य केवल पुरुषों द्वारा किया जाता है।
c. इस नृत्य में नर्तक अपने सिरों पर घड़ों में प्रज्वलित दीप लेकर नृत्य करते हैं।
d. नर्तक योद्धा के समान वेशभूषा पहनते हैं।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) b, c केवल
(B) c, d केवल
(C) a, c केवल ✓
(D) a, d केवल

Q.139

2011 की जनगणना के अनुसार, किस जिले में अधिकतम पुरुष और महिला साक्षरता दर है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) बारां
(B) अलवर
(C) जयपुर ✓
(D) बूंदी

Q.140

मौखिक परीक्षणों की सीमाएं क्या हैं?

a. यह समय अधिक लेती है।
b. यह व्यक्तिगत परीक्षण के लिए प्रयुक्त हो सकती है।
c. यह आत्मनिष्ठ हो सकती है।
d. यह गहन परीक्षण का अवसर प्रदान करती है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) b, c केवल
(B) a, c केवल ✓
(C) a, d केवल
(D) a, b केवल

Q.141

मान्यताप्राप्त अखिल भारतीय दलों की संख्या की सहभागिता के आधार पर, निम्नलिखित को आरोही क्रम में व्यवस्थित करें:

a. प्रथम आम चुनाव
b. द्वितीय आम चुनाव
c. तृतीय आम चुनाव
d. चतुर्थ आम चुनाव

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a, c, d, b
(B) a, d, c, b
(C) b, c, d, a
(D) a, b, c, d ✓

Q.142

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में:

अभिकथन A: पृथ्वी अपनी धुरी पर घूर्णन करती है।

कारण R: पृथ्वी का घूर्णन ही दिन और रात के चक्र के लिए उत्तरदायी है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है।

(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।

(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

Q.143

15वें वित्त आयोग ने सलाह दी की अवधि 2021-22 से 2025-26 में जिला परिषद्, पंचायत समिति और ग्राम पंचायतों में वितरित की जाने वाली राशि की क्रमशः अनुपात है: (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(A) $20 : 5 : 75$

(B) $5 : 20 : 75$ ✓

(C) $10 : 15 : 75$

(D) $10 : 10 : 80$

Q.144

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.145

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में:

अभिकथन A: जनजातीय विकास कार्यक्रम उन क्षेत्रों के लिए तैयार किया जाता है, जहाँ 50% या उससे अधिक जनजातीय आबादी होती है।

कारण R: अलवर, धौलपुर, भरतपुर और दौसा को इस कार्यक्रम के तहत सहायता प्राप्त करने के लिए चिन्हित किया गया है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है। ✓

(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।

(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

Q.146

नीचे दो कथन दिए गए हैं - एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;

अभिकथन A: मरुस्थली मिट्टी पश्चिमी राजस्थान में पाई जाती है तथा यह कम उपजाऊ होती है।

कारण R: यह मिट्टी केवल मूंगफली और कपास की कृषि के लिए अनुकूल है।

उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।

(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है। ✓

(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।

(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।

Q.147

राजस्थान के किस जिले में 'करणी माता मंदिर' स्थित है और ऊंट महोत्सव आयोजित होता है?

a. बीकानेर
b. उदयपुर
c. सीकर
d. जैसलमेर

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:

(A) a और b केवल
(B) a और d केवल
(C) b केवल
(D) a केवल ✓

Q.148

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.149

नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में:

अभिकथन A: जोधपुर राज्य के राष्ट्र गान, धूसान में गौरा धाई के अद्वितीय बलिदान को गाया जाता है तथा जोधपुर में रूपा धाई गौरा धाई नामक बावड़ी भी है।

कारण R: गौरा धाई ने जोधपुर के राजकुमार (महाराजा जसवंत सिंह के पुत्र) के स्थान पर अपने पुत्र को रख दिया था तथा जोधपुर साम्राज्य के उत्तराधिकारी का जीवन बचाया था।


उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓

Q.150

नीचे दो कथन दिए गए हैं - एक अभिकथन (Assertion) A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण (Reason) R के रूप में;
अभिकथन A: अरावली की पहाड़ियों में भौम जल नियमन, नियंत्रण और प्रबंधन की कार्यनीतियों के लागू करने की अत्यधिक आवश्यकता है।
कारण R: भौम जल के लिए गत्यात्मक पुनर्भरण हेतु कम संभावना के कारण यह क्षेत्र जल संकट की सुभेद्यता से ग्रसित है।
उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए -

(A) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(B) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(C) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(D) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है। ✓



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in